भारत सरकार
गृह मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 631
दिनांक 25.06.2019/4 आषाढ़,1941 (शक) को उत्तर के लिए

लू के कारण मौतें

631. श्री दीपक बैजः

क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) देश में गत पांच वर्षों के दौरान लू के कारण होने वाली मौतों का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या गरीबों को लू से संरक्षण के लिए सुविधा प्रदान करने में कमियों के कारण लू के कारण होने वाली मौतों की संख्या में वृद्धि हुई है;

(ग) यदि हां तो, इस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है;

(घ) क्या लू के कारण शहरों के पास रहने वाले गरीब/मजदूरों की मौतों की संख्या ग्रामीण क्षेत्रों की जहां प्रकृति का निर्दयता से विनाश नहीं किया गया है की तुलना में अधिक है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री नित्यानंद राय)

(क): लू के कारण हुई मौतों के आंकड़े, इस मंत्रालय द्वारा केन्द्रीय स्तर पर नहीं रखे जा रहे है। तथापि, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय में एकीकृत रोग निगरानी कार्यक्रम से प्राप्त सूचना के अनुसार विगत पांच वर्षो के दौरान लू से संबंधित रोग के कारण सूचित की गई मौतें निम्नवत हैं:-

वर्ष	मौतों की संख्या (अनंतिम)
2015	2040
2016	1111
2017	384
2018	25
2019 (16.06.2019 तक)	94

(ख) से (ड.): लू के कारण हुई मौतों पर आर्थिक स्थिति-वार अथवा निवास स्थान-वार सूचना अलग से नहीं रखी जाती है। तथापि, केन्द्र सरकार और राज्य सरकार के प्रयासों से वर्ष 2016-2018 के दौरान लू से हुई मौत की संख्या में भारी गिरावट आयी है।

******